**(vi) Financial assistance of Bihar for checking soil erosion in Samastipur.**

**प्रो० अजित कुमार मेहता** (समस्तीपुर) : समस्तीपुर जिले के दक्षिणी छोर पर स्थित पतसिया, सुल्तानपुर एवं चमथा पंचायात में पिछले 1980 से गंगा नदी का कटाव हो रहा है जिसके फलस्वरूप पिछले वर्ष तक पतसिया में 783, सुल्तानपुर में 2( एवं चमथा में 295 परिवार विस्थापित हो चुके हैं। कटाव के परिणामस्वरूप अब तक दस हजार आबादी यत्र-तत्र रह रही है। तथा लगभग बीस हजार एकड़ उपजाऊ भूमि कट चुकी है। 1980-81 में बिहार राज्य सरकार द्वारा सुरक्षा हेतु लगभग बारह लाख रूपये की योजना स्वीकृत की गई थी, परन्तु इसमें कुछ विशेष सफलता नहीं मिली।

1981 दिसम्बर में उच्चस्तरीय तकनीकी समिति ने कटाव स्थल का दौरा कर पत्थर पाट कर इस कटाव से सुरक्षा का सुझाव दिया था। 1982 में राज्य सिचाई तथा बीस सूत्री कार्यक्रम के मंत्रियों ने कटाव स्थल का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया किन्तु अब तक कोई सुरक्षात्मक कार्रवाई न हो सकी है। राज्य सरकार इस मद में उपयुक्त धन के अभाव में अक्षम है।

अत: मैं केन्द्रीय सरकार से मांग करता हूं कि वह बिहार राज्य सरकार के साथ सहयोग कर हजारों एकड़ उपजाऊ भूमि का कटाव रोकने का सफल उपाय करे तथा हजारों परिवार को विस्थापित होकर आजीविका के साधन से वंचित होने से बचायें।

**(vii) Need for giving clearance to Neorakhola Project and sanctioning requisite fund for its completion.**

SHRI ANANDA PATHAK (Darjeeling): Sir, Civilian as well as Defence population in and around Kalimpong Town in th district of Darjeeling are experiencing great hardship due to want of drinking water. There is the shortage of nearly four lakh gallons of water per day. To alleviate this hardship and augment the water supply from a perennial jhoro called Neora Khola, a project report was prepared and finalised in consultation with the local army engineers. The approximate cost of the project is Rs. 16 crores. It was suggested that the capital cost of the project would be shared between the West Bengal Government and Defence Ministry. The recurring cost of this project is negligible as it is a gravity scheme.

The Project was sent to the Defence Ministry for sanctioning its share of cost. But subsequently, it appeared that the Ministry of Environment raised some objections to the implemention of this project.

Sir, according to the Project Report itself, no large scale denudation of forest in the vicinity of Neora Khola Catchment area is necessary as no big dam is required, simply a small weir would do to hold the water for syphoning of the same through pipes to Kalimpong and neighbouring area by gravitational pull and laying of such pipes need not cutting of trees unnecessarily.

This point has been made abundantly clear to the Prime Minister as well as the Union Deputy Minister of Environment by the Chief Minister of West Bengal.

I, therefore, urge upon the Government to give immediate clearance to the project and sanction the fund and make a statement in the House.

**(viii) Demonstration by National Coordinations Committee of Indian Teachers Organisation in support of their demands.**

**श्री रामावतार शास्त्री** (पटना) : नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी आफ इंडियन टीचर्स आर्गनाइजेशन के तत्वावधान में आज संपूर्ण